चौधरी हरस्वरूप बूरा (मेहम): उपाध्यक्ष महोदय, मैं मद संख्या 17 के बारे मे बोलने के लिये खड़ा हुआ हूं। हमारी केंद्रीय जनता सरकार ने एक बात कही थी कि यह सरकार देहातों के उत्थान के लिये ज्यादा से ज्यादा ध्यान देगी क्योंकि इस दे ा के अन्दर ज्यादा से ज्यादा लोग देहातों मे रहते है और यह कृशि प्रधान दे ा है। दे ा का स्तर और भविश्य तभी उज्जवल हो सकता है जबकि देहातों का भविश्य उज्जवल और उनका स्तर ऊंचा होगा। इस मे जो खाद की बात कही गई है यह सरकार का बहुत ही सराहनीय कदम है क्योंकि यहां की जमीन की उत्पादन क्षमता इतनी कम हो चुकी है कि उसके अन्दर जो पहले उत्पादन होता था उसकी बजाये आज इतना कम उत्पादन होता है जिसको हम नाम मात्र का उत्पादन कहें तो कोई गलत बात नही होगी। इस दे ा के अन्दर, हरियाणा प्रदे ा के अन्दर जो परम्परा गोबर खाद इस्तेमाल करने की है वह हमारे प्रदे ा के अनदर इतनी कम हो चुकी है और गोबर खाद हमें अधिक मात्रा मे मुहैया नही हो रही है जिसके कारण यहां की जमीन का उत्पाद भी कम हो गया है। इसलिये फर्टीलाइजर का मसला उत्पादन को बढ़ाने के लिये निहायत ही जरूरी है। मैं तो यह कहता हूं कि यह जो मद के अंदर प्रोवीजन 1 करोड़ 27 लाख रूपये का रखा गया है, यह रा ि ा बहुत थोड़ी है, इससे ज्यादा रा ि ा होनी चाहिये थी

क्योंकि आज किसान इस बात से बहुत पीड़ित है, उसे अच्छी खाद नही मिल रही है। यहां पर इस हालत मे यह उम्मीद नही की जा सकती कि उनकी जमीन पैदावार के लायक हो सके। अगर किसानों को जमीन के लिये खाद की समस्या बनी रहेगी तो उनका उत्पाद न बहुत कम होगा। मैं समझता हूं कि हाउस को अपनी पूरी इत्तुाक राय ये इस मांग को पास करना चाहिये । इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

चौधरी गंगा राम (गोहाना): उपाध्यक्ष महोदय, मैं मांग नंबर 17 पर अपने कुछ विचार रखने के लिये खड़ा हुआ हूं। आज सारे दे ा का ही नही, खासकर मैं हरियाणा के बारे मे यह कहना चाहूंगा कि आज हरियाणा का किसान बहुत बुरी तरह से बरबाद हो चुका है क्योंकि फ्लड ने सारे हरियाणा मे काफी बरबादी की हैं इस सिलसिले मे मैं तो हरियाणा के एक एक गांव के अन्दर फिरा हूं। मैंने तो किसानों की हालत ऐसी देखी है कि उसके पास खने के लिये दो टाइम की रोटी के लिये अनाज नही हैं वह अपने खाने के लिये अनाज भी मुहैया नही कर सकता। इसलिये मैं यह कहूंगा कि सरकार ने 1 करोड़ 27 लाख रूपये की सबसिडी जो दी है वह बहुत थोड़ी है बल्कि इसके लिये किसानों को 5–6 करोड़ की की सबसिडी देनी चाहिए। खाद के बारे मे सीडज के बारे मे, ट्रेक्टर्ज के बारे मे किसानों को सहायता देनी चाहिये। मैं सरकार को एक सुझाव देना चाहता हूं कि बिरला, टाटा और

डालमिया तो सामान अपने कारखानों मे पैदा करते है वह जब जर्मनी के बाजारो मे बेचा जाता है। यदि उसकी कीमत घट जाती है तो सरकार उएन्हें कम्पनसेट करती है। मिसाल के तौर पर अगर बिरला की कास्ट आफ प्रोडक ान एण्क आईटम पर 250 रूपये आती है और जर्मनी के बाजार मे वह आईटम 150 रूपये मे बिकती है तो 100 रूपये का घाटा जो ै वह सरकार उठाती है। तो मैं अपनी सरकार से निवेदन करूंगा कि उसी प्रकार से किसानों को भी खाद, ट्रैक्टर और बलज नो प्रोफिट नो लौस बेसिज पर मिना चाहिए ताकि किसान अपनी जमीन से उत्पादन ज्यादा बढ़ा सके। आज मैं यह देख कर हैरान हूं कि बिरला टाटाओं के कारखानों के अन्दर एक ट्रैक्टर जो 13 हजार मे तैयार होता है वह हमारे किसान दोस्तों को 52 हजार मे दिया जाता है। इसी तरह से एक खाद का कट्टा जो 11 रूपये मे तैयार होता है वही किसान को 52 रूपये मे दिया जाता है। तो इससे बड़ी खिलवाड़ किसान के साथ और क्या हो सकती है ? इसलियें मैं यह कहूंग कि आज अगर हरियाणा के अन्दर कोई दुखी है तो वह सब से ज्यादा दुखी अनाज पैदा करने वाला किसान है। अगर सरकार 250 यपये का बीज किसान को 235 रूपये मे सबसिडाइज करके देती है तो इससे किसान को कोई सहारा नही मिलने वाला है। यह तो केवल उसके आंसू पूंछने वाली बात है। मैं यह कहना चाहूंगा कि अगर मार्किट के बीज का भाव 250 रूपये क्विंटल है तो किसान को कम से कम 50 प्रति ात सबसिडी देकर वह बीज दिया जाना चाहिए। अगर सरकार यह चाहती है कि हरियाणा आगे बढ़े,

हरियाणा की उन्नति हो तो आज हमें हैवी इंडस्टरी की तरफ इनवैस्टमैंअ करने की कोई जरूरत नही है। आज हमें भाहरो की डिवैल्पमैंट करने की कोई जरूरत नही है बल्कि किसानों के ऊपर ज्यादा से ज्यादा पेसा लगाया जाना चाहिये और उसको ज्यादा से ज्यादा राहत दी जानी चाहिये। इसके अलावा मैं मांग नं. 12 के बारे मे भी एक बात कहना चाहूंगा कि आज हरियाणा के नौजवान पढ़ लिखकर भी दर दर की ठोकरे खा रहे है। पता नही कर्जा लेकन या किस तरह से वे पढ़ कर आते है लेकिन जिस समय जनता सरकार ने अपना मैनिफैस्टो रखा था तो उसमे यह रखा गया था कि पढ़े लिखे नौजवानो को नौकरी मिलेगी। तो आज मैं जनता सरकार से निवेदन करूंगा कि उसके संविधान के अंदर जो यह रखा गया था कि पढ़ लिखे नौजवानो को नौकरी का अधिकर मिलेगा, वह अधिकार उनको दिया जाये। अगर सरकार उनको नौकरी नही दे सकती तो सरकार उन्हे कंप्नवेट करे, उन्हें उनकी पढ़ाई का खर्चा दे। तो मै ंबहुत जयादान कहते हुए केवल इतना कहना चाहूंगा कि इस समय बीजाई का समय आशाढी की बीजाई की जायेगी। मैं हैरान होता हूं कि एक तरफ तो हमारी सरकार ने फ्लड के वक्त यह एलान किया था कि किसान से उगाही नही की जायेगी लेकिन आज जो गांव फ्लड के वक्त बुरी तरह से तबाह हुए है उनके पास उगाही के लिये पर्चियां जा रही है। इसलिये मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि अगर उसने उगाही ससपैंड की दी है तो यह आर्डर जल्द से जल्द वहां भिजवा दे क्योंकि आज भी वहां वसूली होने लग रही है। इसके अलावा अब किसान बीज

खरीदने लग गया है, फर्टिलाइजर खरीदने लग गया है और ट्रैक्टर चलाने लग गया है लेकिन बीज और खाद पर सबसिडी के नाम पर किसान के पास कोई आर्डर नही पहुंचा है। उसे वही मार्किट प्राईस पर बीज दिया जा रहा है। इसलिये मै प्रार्थन करूंगा कि इन बातो को जल्द से जल्द इम्पलीमेंट किया जाये।

श्रीमती भान्ती देवी (कलियाना): उपाध्यक्ष महोदय, चौधरी गंगा राम जी ने हरियाणा के किसान के बारे मे जो विचार रखे है उनसे मे भी सहमत हूं। इसमे कोई दो राय नही है कि आज अगर वास्तव मे कोई दूखी है तो वह किसान है। अगर मैं यह कह दूं कि सर छोटू राम के बाद किसी ने किसान को नही संभाला तो इसको स्वीकर करने से कोई इंकार नही करेंगा। आज कहने को तो वे जमींदार है लेकिन आज वे केवल एक या दो किल्ले के ही मालिक है। आप देखेंगे कि हरियाणा के अन्दर एक आध ही ऐसा जमींदार मिलेगा जिसके पास सौ बीघे जमीन हो। आज तो जमींदारों की सम्पति एक दो किल्लों के अन्दर ही रह गई है। आज का किसान तो दूसरों की जमीन बोकर अपना गुजारा कराा है और फिर इसे बेचारे के साथ पटवारी धोखा करते है। उसको असल मे पानी तो दो बीघे मे दिया जाता है लेकिन खिल दिये जाते है दो किल्ले। इसी तरह से न तो उसको समय पर खाद मिलती है और न ही बीज मिलता है। सरकार को चाहिये कि वह जितनी अधिक से अधिक सुविधा किसान को दे सके दे। दूसर बात बेरोजगारी की है। बड़ी कठिनाई से किसान अपने बच्चों

को पढ़ाता है। कोई लड़का मैट्रिक कर जाता है, कोई बी.ए. कर जाता है और कोई एम.ए. कर जाता है लेकिन उनको नौकरी नही मिलती और वे गलियों मे ठोकरे खाते रहते है। चुनाव के सयम जनता पार्टी ने एक आ वासन दिया था कि बेरोजगारी का मसला हल किया जायेगा लेकिन मैं समझती हूं कि अभी तक इस ओर कोई प्रोग्रैस नही हुई है। मैं सरकार से निवेदन करूंगी कि बेरोजगार आदमियो के लिये वह कोई अच्छे कदम उठाये। इन भाब्दों के साथ मैं आपका भाुक्रिया अदा करती हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

चौधरी लाल सिंह (नारायणगढ़): डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं आपकी मार्फत किसान की तकलीफों के बारे मे कुछ अर्ज करना चाहता हूं । इसमे कोई भाक नही है कि पिछली सरकार ने इस खजाने पर झाड़ू फेर दिया है जिसकी वजह से अरबो रूपये हमें सूद के देने पड़ रहे हैं इस सरकार को दो दो फ्लडों का सामना करना पड़ रहा है एक तो कांग्रेस सरकार ने फ्लड चलाया और दूसरा अब पानी का फ्लड आया । इसमे कोई भाक नही है कि इस सरकार के पास इस वक्त पैसा नही है, सरकार बहुत परे ाान है। इसमे सरकार के बारे मे मैं यह कहना चाहता हूं कि यह एक ईमानदार सरकार है और गरीब जमींदारों की सरकार है। ऐसी सकरार हरियाणा मे आज तक नही आई जैसे कि मैं आपको मिसाल देता हूं कि जितने भी चीफ मिनिस्टर हरियाणा मे आये सब के ऊपर करप्ान के इलजाम लगे । हमारे चौधरी देवी लाल ने

हर सरकार से टक्कर ली और इनके ऊपर आज तक क्रप् ान का कोई इलजाम नही लग सका है। अगर इनके खिलाफ कोई चार्ज हो तो वह हाउस मे बताया जाना चाहिये क्योंकि यहां हर बात सच्चाई की आनी चाहिये। दूसरी बात यह है कि अब जमींदारो की तरफ से जो आपको मिले वह पहले जमींदारो पर और पीने के पानी पर खर्च होना चाहियें पहले वाली कांग्रेस सरकार क्या करती थी कि जो खाद जमींदारों को देती थी वह खाद नही होती थी बल्कि मिट्टी होती थी और जमींदारों से मिट्टी के पैसे वसूल किये जाते थे। दूसरी बात यह है कि खाद के बारे मे किसी के ऊपर जब्रदस्ती नही होनी चाहिए। जो खाद लेना चाहे उसी को दी जाये। यह नही होनी चाहिये कि हर एक को जब्रदस्ती खाद दे दी जायें आप गांवों मे जाकर देखे जो कर्मचारी वहां खाद देने के लिये जाते है किसानों को कहते है कि इतने पैसे की लाजमी खाद लेनी पड़गी। तो यह जब्रदस्ती नही होनी चाहिये। इसके बाद मैं सीमेंट पर आता हूं । कालका का एक कांग्रेस एम.एल.ए. था उसी के पास सीमेंट के कारखाने का ठेका और उसी के ट्रक वह जिसे चाहे सीमेंट दे और जिसे चाहे सीमेंट की जगह रेत दे। वह सिर्फ अपने आदमियों को ही सीमेंट देता है। तो बगैर सीमेंट के भी किसान को बहुत तकलीफ है क्योंकि किसान के टयूबवैल्ज की जो नालियां है वह भी सीमेंट से बनती है। इस नालियों के न बनने की वजह से आपकी कार्पोरे ान के जो टयूबवैल्ज है वे बेार पड़े हुए है। इसलिये सीमेंट की बहुत जरूरत है और सरकार को इसका इंतजाम करना चाहिए। यहां पर पानी का प्रबंधऐसा काम

नही है जो एकदम हो जाये। जो पानी आता है वह फ्लड का आता है, मैं तो सिंचाइ के पानी की बात कह रहा हूं। सिंचाई का पानी हमारे अम्बाला के इलाके मे बहुत कम है। ताजेवाला से नहर बन गई और उसका पानी उधर चला गया। यह कांग्रेस वालो की बात है जिन्होंने पानी हमारे इलाके से लिया और सिंचाई किसी और जगह कर रहे है। पानी हमारे इलाके से निकलता है देते दूसरो को है, यह कांग्रेस वालो की मेहरबारी है। पहले पानी हमें मिलना चाहिए ओर बचे वह उन को मिले। सरकार टयूबवैल लगा रही है लेकिन जमींदारो को सीमेंट मिलता नही और नालियां बनती नही। जहां सरकार इतना खर्चा कर रही है वहां नालियां बनाने के लिये सरकार अपने कर्मचारियों को हिदायत करे कि नालियां बनाई जाये। मैं बताना चाहता हूं कि कांग्रेस सरकार पहले जब गवर्नर का राज था, उस वक्त नारायणगढ़ के लिये 600 टयूबवैल मंजूर करवाए थे। लेकिन वे सारे के सारे नारायणगढ़ की बजाये भिवानी मे लग गये । (व्यवधान)

एक सदस्यः एक ही कांग्रेसी रह गया है.....(व्यवधान)

चौधरी लाल सिंहः जो माल खा गये है मैं उने बारे मे बात कर रहा हूं। मैं कह रहा था कि जमींदार हमारी जिन्दगी है। अगर जमींदार अनाज पैदा नही करता तो हम खायेंगे कहां से। बड़े से बड़ा आफिसर भी अनाज खाये बगेर नही रहा सकता, कोई काम नही कर सकता, इसलिये जमींदार को पानी मिलना चाहिए। यह ठीक है कि जनता सरकार ने बिजली मे थोड़ी सी बढ़ौतरी की

है। पानी खाद और बिजली ये तीनो चीजें जमींदार के लिये बहुत जरूरी है। डिप्टी स्पीकर साहब, आप भी जमींदार है, इसलिये मुझे इस पर बोलने के लिये ज्यादा समय दिया जाये। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्षः आप बैठ जाईए। अब श्री जगजीत सिंह पोहलू बोलेंगे।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू (पाई): डिप्टी स्पीकर साहब, आजकल हरियाणा मे सबसे ज्यादा जो फ्लड का है। इस मुसीबत को दूर करने के लिये इमिजिएिट अरेन्जमैंट होनी चाहिये। जो फसल तबाह हो चुकी है औरजिन जमीदारों की 50 फीसदी फसल तबाह हो चुकी है उनका लैंड रैवन्यू फौरन मुआफ किया जाये। इतना पानी खड़ा हुआ कि बहुत से खेत बिजाई के काबिल हनी है, खेतों मे पानी भरा पड़ा है....

श्री उपाध्यक्षः आप डिमांड नंबर दे कि किस डिमांड पर बोल रहे है।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः मैं ऐग्रीकल्चर पर बोल रहा हूं। सबसे ज्यादा रूपया ऐग्रीकल्चर के ऊपर खर्च करना है और चीफ मिनिस्टर साहब मान गये है कि .....(व्यवधान)

चौधरी लाल सिंहूः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। अगर आपने मुझे समय दिया है तो मुझे कुछ कहने तो दीजिये। मैंने नौकरियों के बारे मे कुछ नही कहा है, आप मुझे टाईम दें। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्षः आपन बहुत कुछ बोल चुके है।(व्यवधान)

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः मैं कह रहा था कि सब से ज्यादा प्रायरिटी ऐग्रीकल्चर के लिये दी जाये। इसके साथ ही साथ जनरल ऐडिमिनिस्ट्रे ान की बात आई है। इस पर जो पैसा होता है वह ठीक ढंग से हो और सरकार से मै प्रार्थना करूंगा कि ऐडमिनिस्ट्रे ान को अच्छे तरीके से चलाए।

एक सदस्यः ऐडमिनिस्ट्रे ान की तो कोइ डिमांड ही नही है (व्यवधान)

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः सरकार कहती है कि पानी का प्रबंध होगा, कुरप ान बंद होगी लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि अब भी हरियाणा मे कुरप ान बहुत ज्यादा है क्योंकि एम.एल. ए. बनने के बाद दो महीनो के अन्दर कई एम.एल.एज. ने कारें खरीद ली है। इसलिये मै आपसे प्रार्थना करूंगा कि कुरप ान को रोका जाये । जो होम डिपार्टमैंट है, इसलिए वर्किंग भी ठीक नही है। भिवानी मे 6 महीने के अन्दर 6 एस.पी. बदल चुके है। ..... (व्यवधान)

कंवर राम पाल सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मै आपकी रूलिंग चाहता हू। जो चार्जड डिमांडज है, क्या उन पर भी यहां डिसक ान हो सकती है ? अगर ये चार्जड डिमांडज पर बोलेंगे जो यहा सभी मैंबरों को इजाजत होनी चाहिए बोलने की।

श्री उपाध्यक्षः चार्जड डिमांडज पर सिक ान तो हो सकती है लेकिन वोटिंग नही हो सकती।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः डिप्टी स्पीकर साहब, यहां पर बहुत बड़ी ओमि ान हुई है क्योंकि यहां पर हरियाणा की कैपिटल के बारे मे कोई जिक्र नही आया। चण्डीगढ़ हरियाणा मै है.....

Mr.Deputy Speaker: I wil linvite the attention of the hon. Member to rule 201, which reads—

"The debated on the supplementary grants shall not be contined to the items conctituting the same and no discussion may be raised on the original grants nor policy underlying them save in so far as it may be necessary to explain or illustrate the partticular items under discussion."

Chaudhri Jagjit Sing Pohloo: Alright, Sir. ऐस्टीमेट्स को पास करवाने का मतलब यह है कि हरियाणा की हालत को सुधारा जाये। जनता पार्टी ने अपने मैनिफैस्टी मे कहा था कि कम से कम खर्च करेंगे लेकिन हमारे मिनिस्टर तीन तीन हजार के किराए की कोठियों मे रहते है। जहां ये कहते है कि लोगों को कि खर्च कम करों वहां इनको अपना खर्चा मि करना चाहिए। मैं आपके द्वारा कहना चाहता हूं कि हमारी लेबर की जो हालत है, मजदूरों की जो हालत है, वह बहुत बुरी है, हर मजदूरों मे अनरैस्ट है।

Mr. Deputy Speaker: Aain you are going off the demands under dicussion.

सिंचाई एवं बिजली मंत्री (श्री बीरेन्द्र सिंह): इस मे तो ग्रांट की बात है, लेबर की बात कहां है जिस पर आप बोलने लगे है।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: मैं आप के द्वारा सरकार से कहना चाहूंगा कि प्रदे ा मे बेरोजगारी की बड़ी भारी समस्या है, इसके ऊपर ज्यादा से ज्यादा पैसा खर्च किया जाये। नौकरी के लिये हमारे नौजवान रि वत देते फिरते है ? इनको नौकरियां नही मिलती और बी.ए. पास लड़के सड़क पर मेट लग जाते है। जनता पार्टी का जो मैनीफैस्टों था उसमे यह था कि बेरोजगार लोगो को रोजगार दिया जायेगा।

श्री बीरेन्द्र सिंह: यह आपका था या हमारा ? (व्यवधान)

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: मैं सबसे पहले जनता पार्टी की बात करूंगा । अगर आप उन को रोजगार नही दे सकते तो कम से कम रोजगार भत्ता ही दे दीजिये ताकि वे रि वत देने से बच सके। बी.ए., एम.ए. पास करने के बाद वे धक्के खते फिरते है, इनको बेरोजगार भत्ता जरूर देना चाहिए। जहां तक जनरल एडमिनिस्ट्रे ान का ताल्लुक है, आप रोहतक की मिसाल ले लें। कितनी बुरी हालत है, लोगो को लूटा गया, दुकाने तोड़ी गई। जनरल ऐडमिनिस्ट्रे ान ठीक हो तो लोगों को राहत मिल सकती है। बस मै। इतना ही कहकर अपना स्थान लेता हूं।

श्री लहरी सिंह महरा (रादौर अनुसूचित जाति): उपाध्यक्ष महोदय, ये जो अनूपूरक मांगे है इनके द्वारा जमींदारों की ज्यादा से ज्यादा हैल्प की जानी चाहिए। इनके द्वारा ज्यादा से ज्यादा पैसा उनकी हालत सुधारने पर लगाया जाना चाहिए। मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि जैसे सरकार ने अभी पिछले दिनो बिजली के संकट को दूर करने के लिये बड़ी सूझबूझ से काम लिया और चीफ इंजिनियर, एस.ई. और फील्ड स्टाफ तथा ऐग्जैक्टिव इंजीनियर आदि की ड्यूटी दिन रात काम करने की लगाई उसी तरह हर क्षेत्र मे काम किया जाये। हरियाणा मे जहां बाढ़ आई हुई है उसको मद्देनजर रखते हुए, जहां पर पानी की कमी है उस पानी की कमी को दूर करने के लिये दिन रात बिजली वालों ने काम किया। इस बात के लिये मैं सरकार का भाुक्रगुजार हूं। अब मेरी सरकार से थोड़ी सी अर्ज है। मेरे हल्के से पि चमी यमुना नहर निकलती है। उसके साथ साथ जो पानी सेम का इकट्ठा हुआ है उसमे खड़ी जीरी की फसल बेकार होने जा रही है। मै सरकार से प्रार्थना करूंगा कि जमींदारों को नुकसान से बचाने के लिये वहां पर ज्यादा पैसा खर्च करें ताकि उस फसल को बचाया जा सके। यह मेरे हल्के की ही बात नही है। उसमे कई हल्के आते है और करोड़ों रूपयों की फसल बरबाद होने जा रही है।

इसके बाद, डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि अगर हमारी सरकार इन जमींदारों को उन्नति के रास्ते पर ले जाना चाहती है तो सबसे पहले जमींदारो की जिन्स

जो गांव मे ही पड़ी रहती है, उसको मंडी तक लाने के लिये सड़कों का इंतजाम करना पड़ेगां इस समय काफी गांव ऐसे है, जैसे कि मेरे हल्के के गांव है जहां इस दि ाा मे आज तक कोई काम नही हुआ। क्योंकि वह आदरणीय चौधरी चांद राम जी का हल्का था और इस वजह से चौधरी बंसी लाल जी की खास मेहरबानी उस हल्कें पर थी। लेकिन मैं आज जो मिनिस्टर साहेबार है उनसे प्रार्थना करूंगा कि मेरे हल्के को सबसे पहले प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि उसमे जमींदारों को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो सके, उसमे से जिन्स मंडी में ज्यादा जल्दी पहुंचाई जाये।

इसके अलावा उपाध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के मे किसानो को एक और कठिनाई है। वहां एक मिल मालिक है। उस मिल मालिक ने अपनी मनमानी कर रखी है। वह जमींदारों को उनके गन्ने का ठीक रेट नही देता।

श्री उपाध्यक्षः लहरी सिंह जी आप डिमांडज पर बोलें।

श्री लहरी सिंह महराः डिमांडज पर ही बोल रहा हूं जी।

श्री उपाध्यक्षः डिमांडज तो 11, 12, और 17 नंबर की डिस्कस हो रही है।

श्री लहरी सिंह महराः तो उपाध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि जमींदारो को गन्ने का ठीक रेट देने के लिये, कीमत ठीक लगावाने के लिये गवर्नमैंट को चाहिए कि वह मिल मालिकों की

मर्जी न चलने दे। मैं तो सरकार से यह भी प्रार्थना करूंगा कि वहां एक मिल और लगाई जाये। लाडवा, रादौर या भाहबाद मे अगर गए और मिल लग जाती है तो जमींदारों की पूछ हो जायेगी वरना वे जमींदारों का गन्ना मनमाने ढंग से खरीद रहे है। वह मिट्टी के भाव जा रहा है।

इसके अलावा डिप्टी स्पीकर साहब, मैं सरकार से प्राथना करूंगा कि इस सीजन की दो फसले है जीरी और गन्ना उसके लिये यह ज्यादा से ज्यादा पैसा मंजूर करने की कृपा करें और ज्यादा से ज्यादा पैसा जमींदारों को फायदा पहुंचाने मे लगाए।

डिप्टी स्पीकर साहब, कोआप्रटिव सोसायटिज से जो पैसा मिलता है उसका ठीक तरीके से नही दिया जाता। काफी जमींदार ऐसे है जिनको खाद नही चाहिए लेकिन वे पैसे को और तरीके से अपने काम मे लगाना चाहते है। खाद भी ऐसी दी जाती है जो उस जमीन मे उस समय नही डाली जा सकती थी कि संबंधित जमींदार की है। इस वास्ते मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि अगर खाद दी जाये तो वही खाद दी जाये जो उस समय मे उस फसल मे पड़ती हो और उतने पैसे की दी जोय जितने की किसान चाहता हो। खाद को अधिक मात्रा मे देना अच्छी बात नही है। वह तो मिट्टी की तरह पड़ी रहती है और किसान कर्जदार बना जाता है। इस तरफ सरकार को वि ोश ध्यान देना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, काफी ऐसे दो दो चार चार एकड़ के जमींदार है जिनकी फसल बाढ़ मे बिल्कुल खत्म हो गई है। मेरा ख्याल हे कि इस बारे मे मुख्य मंत्री जी ने यह कहा था कि उन जमींनो को जोतने के लिये 250 ट्रैक्टर्ज भेजे है जिनका तेल खर्च सरकार देगी। इस बारे मे भी मेरी सरकार से प्रार्थना है कि जो छोटे छोटे जमींदार है उनकी तरफ सबसे ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए उनका निर्वाह इसी थोड़ी सी जमीन पर ही होता है बड़े जमींदारों के तो और भी कई साधन होते है अपना काम चलाने के लिये।

एक छोटी सी बात और उपाध्यक्ष महोदय मैं अर्ज करना चाहता हूं। जहां गन्ने की का तकारी है उस इलाके मे गवर्नमैंट को कृशि विभाग की तरफ से लोगों को लोन देना चाहिए और उन्हें अपने क्रै ार लगाने की इजाजत दे देनी चाहिए ताकि वे खांडसारी और सल्फर आदि है। इन भाब्दों के साथ आपने मुझे जो समय दिया, उसके लिये मैं आपका भाुक्रिया अदा करता हूं।

सरदार सुखदेव सिंह (रोड़ी): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके जरिये हाउस से, जनता पार्टी की सरकार से आइटम नं. 11 के बारे मे इतना ही कहूंगा कि मैं कुरूक्षेत्र का दिल से आदर करता हूं लेकिन इसके साथ ही मेरा कुछ फर्ज भी है। मेरी यह बात स्वामी आदित्यवे ा जी की बात से संबधित हैं इस सम्बंध मे मैं याह कहना चाहूंगा कि अगर हमारी सरकार विकास बोर्ड को या

ऐसी धार्मिक संस्थाओं को पैसा देने लगे तो यह बर्डन बहुत बढ़ जायेगा। आप इस बारे मे सोचें, मेरी यह अपील है।

डिमांड नं. 12 के तहत, डिप्टी स्पीकर साहब, 19 लाख रूपये आई.टी.आई. मे ट्रेनिंग के लिये स्टाइपन्ड देने के लिये हमारी सरकार चाहती है। मैं इसका समर्थन करता हूं। इस संबंध मे मैं सुझाव भी अपनी सरकार को देना चाहता हूं। आई.टी.आई. का ढांचा मैं तो समझता हूं काफी पुराना है। जब से यह सैट उप भाुरू हुआ है तब से इसमे कोई भी वैज्ञानिक ढंग से तरमीम करने का विचार हमारी पिछली सरकार के दिमाग मे नही आया होगा। यह लाईन बहुत बढ़िया है। इससे दे ा का कल्याण होना है। ि ाल्पी यही से पैदा होते है। (विघ्न) इस ट्रैनिंग का असर हमारी आने वाली जनरे ान पर पड़ेगा। डिप्टी स्पीकर साहब, इस वैज्ञानिक युग मे नई नई इनवैन्- ांज हो रही है और नए ढंग के कारखाने आदि लग रहे है। उनमे पुराने ढंग की ट्रेनिंग ठीक नही बैठती । इसलिये मैं अपनी जनता पार्टी की सरकार को यह सुझाव देना चाहता हूं कि ऐसी ट्रेनिंग भाुरू की जाये जो साइटिफिक ढंग की हो। मैं तो यह कहूंगा कि इसमे नए नए किस्म के औजार मंगवा कर नई किस्म की ट्रेनिंग भाुरू की जाये ताकि हमारे प्रदे ा और दे ा के बच्चे, नौजवान इस ट्रेनिंग से फायदा उठा सके।

डिप्टी स्पीकर साहब, डिमांड नं. 17 मेरा अपना मजबूत है। मैं एक ऐग्रीकल्चरिस्ट हूं। इसमे यह जो पैसा मांगा गया है इसको मै थोड़ा समझता हूं लेकिन मैं गवर्नमैंट का धन्यवाद भी

करता हूं कि इसने खाद के ऊपर किसानों फो किसानों को सबसिडी दी है। उसमे मै कुछ सुझाव भी देना चाहता हूं । माननीय सदस्य इस बात की खिल्ली न उड़ाये। मेरा यह ख्याल है कि हमारा जो गोबर है इसके बारे मे चाहे आप किसी ऐग्रीकल्चरिस्ट से पूछ ले, किसी सियाने पुराने बुजुर्ग से पूछ ले, घर मे पूछ ले या बाहर पूछ ले या इस हाउस मे पूछ ले कि गोबर जैसी कीमती खाद, साइंटिफिक तरीके से आत तक नही बन सकी है जो खेती के लिये इतनी कारगार और सही ढंग की हो। हम रोहतक के इलाके मे दखते है कि बड़े बड़े बिटौड़े गोधर के लगे हुए होते है, मेरे हल्के मे तो नी है लेकिन उस तरफ को बहुत ज्यादा है। इतने बड़े बड़े बिटौड़े है जितने बड़े मेरे हल्के मे मकान है। पंजाबी मे इन बिटौड़ो को गोहरे कहते है। (विघ्न) मैं हुक्के के खिलाफ नही बोल रहा हूं। आप हुक्के को किसी और चीज से भी पी सकते है। क्या गोबर को जलाना जरूरी है ? अगर आप गोबर को जलाते रहेंगे तो आने वाली सांइटिफिक पीढिया, आने वाले पढ़े लिखे लोग हरियाणा को इस बात के लिये माफ नही करेंगे क्योंकि इससे हमने दे ा का बहुत नुकसान किया है। गोबर जलाने पर पाबन्दी होनी चाहिए। मै तो यह कहूंगा कि इस बात के लिये एक कमेटी बैठायी जाये जो इस बात का फैसला करें कि गोबर जलाना दे ा के हित मे या अहित मे हे। मैं आपसे हाउस के सामने भ्रारू मे ही अर्ज कर चुका हूं कि यह बात हंसी मे उड़ाने की नही है। मेरा नम्र निवेदन है कि हम सभी पार्टी के लोगों को बताया जाना चाहिए कि गोबर कितना कीमती है। हमें

खाद के लिये फौरन करन्सी जाया करनी पड़ती है। हम गोबर को सम्भाल कर, गोबर का सही ढंग से प्रयोग करके इस करन्सी को बचा सकते है। गोबर गैस प्लांटस तो पिछली सरकार ने बहुत लगाये थे परन्तु उनका कोई लाभ नही हुआ। मैं तो सरकार से निवेदन करूंगा कि इस विशय मे रिसर्च की जाये, लोगो को एजूकेट किया जाये कि गोबर को कैसे सम्भालना है। गोबर गैस प्लांटस के लिये ज्यादातर कांग्रेस के अपने आदमियो को चार चार हजार रूपया दिया गया। अब वे इन्क्वायरी मे फसे पड़े है। यदि उनसे रिकवरी की जाती है तो वे कहते है कि हमारे साथ विकटेमाइजे ान होती है। मुझे पता है कि बैंक वाले उनके पीछे पीछे फिरते है। गोबर गैस प्लान्ट मे से गैस तो निकल गई वह तो केवल प्लान्ट ही प्लान्ट रह गया। तो मै आपसे दुबारा निवेदन करूंगा कि फर्टेलाईजर को सम्भालने के लिये किसानों को एजुकेट किया जाये। मैं इन भाब्दों के साथ इन डिमांडज का समर्थन करते हुए अपना स्थान लेता हूं और आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिये टाईम दिया।

श्री भले राम (बडौदा अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहब, हिन्दुस्तान की 80 फीसदी आबादी खेती पर निर्भर करती है। हिन्दुस्तान की जितनी भी अर्थव्यवस्था है वह खेती पर आधारित है। अगर खेती किसी साल फेल हो जाये तो हमारे कारखाने जो खेती के साथ जुडे हुए है सब के सब फेल हो जायेंगे। इसलिये यह बहुत जरूरी है कि खेती करने वाले किसान

की और वि ाश रूप ये ध्यान दिया जाये। मुझे आज इस बात की खु ाी है कि हमारी जनता सरकार किसानों को खेती मे खाद डालने के लिये सहायता दे रही है। इससे लोगों को राहत मिलेगी। आपको पता है आजकल के हालात को देखते हुए, बाढ़ की हालत को देखते हुए किसान आज बरबाद हो रहा है। उसके पास दूसरा कोई भी साधन नही है। तो मैं अर्ज करूंगा कि जो बाढ़ के इलाके है, जहां पर अभी बिजाई भी देर से होनी है, वहां के लिये खाद की सहायता दूसरे इलाकों के मुकाबले मे अधिक दी जाये।

दूसरी बेरोगारी की समस्या हैं इसमे कोई संदेह नही है कि हिन्दुस्तान मे पांच करोड़ व्यक्ति बेकार घूम रहे है। इसमे कोई दो राय नही है कि यह समस्या बहुत गम्भीर है लेकिन हमारा संबंध हरियाणा से है। मुझे इस बात की खु ाी है कि इस समस्या का समाधान करने के लिये हमारे मुख्य मंत्री जी ने यहां कहा है कि हरियाणा सरकार इस प्रकार के धंधे अपानाने जा रही है कि गांव के अन्दर छोटे उद्योग लगा कर बेकारी की समस्या को दूर किया जाये। छोटी छोटी कम्पनियां बना कर पढ़े लिखे युवकों की बेकारी की समस्या का समाधान करें। सरकार ने सबसिडी का प्रोविजन भी रखा है। मै अधिक समय तक आपके बीच मे न रह कर इन डिमांडस का समर्थन करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

चौधरी ई वर सिंह (गुहला अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके द्वारा सरकार का ध्यान डिमांड नं. 12 की

ओर आकर्शित करना चाहता हूं । आजकल हमारी सरकार श्रम की ओर अधिक ध्यान दे रही है। परन्तु मैं पिछली सरकार के विशय मे यह बताना चाहता हूं कि सन् 1975 मे जो आई.टी.सी. की स्कीम थी वह बन्द कर दी गई थी। उस स्कीम के तहत हरिजनों को जूते बनाने का और सिखलाने का काम चलता था। अब यह सकीम बंद कर दी गई है। अगर सरकार दर्जी की, बढ़ई की या दूसरी जो ट्रेनिंग है उनको भी बंद कर दे तब तो ठीक है लेकिन स्पै ाली इस स्कीम को क्यो बंद किया गया है ? सन् 1975 के अंदर जूते बनाने वाले सब बेरोजगार हो गये है जिसके कारण हरिजनों को काफी नुकसान हुआ है। इसलिये मेरी आपसे प्रार्थना है कि उन लोगों को कोई न कोई रोजगार दिलाया जाये। उन लौगों को उस स्कीम के तहत ज्यादा लोन या ग्रांट मिलती थी। इसलिये इसको दोबारा लागू किया जाये।

जहां तक बेरोजगारी की समस्या का मामला है, यह मेरे अपने इलाके मे बड़ी गम्भीर है। मेरा अना इलाका बहुत ही पिछड़ा हुआ है खासकर गुहला तहसील जो कि बार्डर के साथ लगती हुई है। उनको रोजगार दिलाने की और कोई वि ोश ध्यान नही दिया जा रहा है। उस क्षेत्र मे कोई भी नजदीक से रोजगार कार्याय नही है। वहां पर ऐम्पलायमैंट ऐक्सचेंज खोला जाना चाहिये।

दूसरे मेरे इलाके मे ि ाक्षा की ओर भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा ह। मेरे यहां पर स्कूल भी बहुत कम है। 130 गांव मे केवल 8 मिडल स्कूल है। अगर वे थोड़ा बहुत पढ़ भी ले,

तो नाम दर्ज कराने के लिये कोई नजदीक ऐम्पलायमेंट ऐक्सचेंज नही है जिससे वे अपना रोजगार ले सके । अगर कुरूक्षेत्र जाये तो वह बहुत ज्यादा दूर पड़ता है। इसलिये वहां पर ऐम्पलायमैंट ऐक्सचेंज का प्रबंध करना और भी जरूरी है।

अब मैं आपके द्वारा डिमांड नंबर 17 की और सरकार का ध्यान आकर्शित करना चाहता हूं। मेरा अपना इलाका नहर के संबंध मे बिल्कुल टेल पर लगता है। वहां बार्डर के नजदीक पानी बिल्कुल पहुंचता ही नही है। यदि पहंचता है तो सीजन खत्म होने के प चात पहंचता है। इसलिये इस पानी के विशय मे ठीक प्रकार से प्रंबध किया जाये। उस पानी को इतना रैगुलर किया जाये कि बीच मे जो कट होते है उनको बंद किया जाये और कट करने वाले के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। सिंचाई के सीजन के अंदर कभी कट नही होना चाहिए। अगर कोई कट करना है तो उस पर या तो जुर्माना होना चाहिए या उसको सजा मिलनी चाहिए।

तीसरी चीज यह है कि कुछ चार पांच गांव जो हरियाणा और पंजाब के साथ साथ लगते है वहां पर अभी तक पानी का बंटवारा ठीक प्रकार से नही हुआ है। वह मामला काफी दिनों से पंडिंग पड़ा हुआ है। 1970 से पैडिंग चला आ रहा है। इसलिये इस पानी का जल्दी से जल्दी फैसला कराया जाये। मैं ज्यादा कुछ न कहते हए अपना स्थान लेता हूं।

स्वामी अग्निवे ा (पुंडरी): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा मांग संख्या 12 और 17 के सम्बन्ध में निवेदन करना चाहता हूं। मांग संख्या 17 के अन्तर्गत हमारी सरकार ने बड़ी उदारता के साथ पोटै ि ाक और फास्फैटिक उर्वरक पर 10 और 20 फीसदी की कटौती करने का निर्णय किया है। मैं अपनी सरकार की भावना का पूरी तरह आदर करता हूं क्योंकि उन्होंने गरीब किसानो को राहत पहुंचा कर बड़ा कारगर कदम उठाया है। इसके साथ साथ मुझे कुछ और भी निवेदन करना है। यदि हम अपने दे ा में फास्फैटिक और पोटै ि ाक कैमिकल उर्वरक को बढ़ावा देते रहेंगे और इसके इस्तेमाल के लिए लोगों को उत्साहित करते रहेंगे तो हम कभी भी यहां गोबर आदि से बनी ग्रीन कम्पोस्ट के लिए लोगों को उत्साहित नहीं कर सकेंगे। सरकार को इस ओर वि ोश रूप से ध्यान देना चाहिए। जनता पार्टी तो महात्मा गांधी जी के बताये हुए रास्ते के प्रति प्रतिबद्ध है।

12.00 बजे

महात्मा जी ने सबसे पहले हमारे दे ा का ध्यान इस ओर आकर्शित किया था। उन्होंने कहा था कि यदि हम विदे ाी खाद, जिसे कैमिकल फर्टेलाइजर कहते हैं, उपयोग करते हुए चले जायेंगे तो एक दिन आयेगा जब हमारी धरती की उर्वरा भाक्ति समाप्त हो जायेगी, फर्टीलिटी खत्म हो जायेगी। (विघ्न) सवाल सिर्फ फर्टीलिटी खत्म होने का नहीं रह जाता बल्कि इससे भी बड़ा है। पा चात्य जगत के अन्दर जहां पर इस किस्म के रसायनिक

खाद इस्तेमाल किये जाते हैं, वहां पर जल–पोलयू ान और वायु पोलयू ान की समस्या ख्चाड़ी हो रही है। जल पोलयू ान की समस्या तो मेरे विचार में अभी नहीं लेकिन वायु पोलयू ान की समस्या हमारे इस दे ा में खडी हो सकती है। इसलिए, मेरा राश्ट्र के जो कर्णधार है, उनसे निवेदन है कि इससे जो भी लाभ हो, उसको ध्यान में न रखें और जो जमीन की फर्टीलिटी है, उसको नश्ट होने से बचायें और जो यह रसायनिक खाद है, इसे कम से कम प्रोत्साहन दिया जाये। एक दूसरी बात जो मुझे यहां पर कहनी है वह यह है कि किसान को राहत पहुंचाने के लिए यह जरूरी है कि उसे बिजली रात के 8–9 बजने के बाद जब हम रजाइयों से बाहर नहीं निकल सकते, उस वक्त बेचारा किसान सर्दी के अन्दर ठिठुरता हुआ भागता है। हम देखते हैं कि हमारे किसान भाइयों को बिजली रात को दी जाती है (व्यवधान) ..... रात के 9 बजे, 10 बजे और 12 बजे बेचारा बिजली की इन्तजार में बैठा रहता था। जब रूकका पड़ा कि गांव में बिजली आ गयी तो भाग कर बेचारा अपने खेत को भागता और जब वह भागकर वहां पहुंचता तो बिजली गायब। मैं यह कहना चाहता हूं कि किसानों को राहत पहुंचाने के लिए यह स्पश्ट रूप से कह देना चाहिए कि किसान को प्राथमिकता के आधार पर दिन में बिजली दी जायेगी और यदि किसी कारण से बिजली की कटौती करनी पड़ती है, बिजली में कमी पड़ती है, तो कारखानेदारों को या जो छोटे छोटे कारखानों में काम करते हैं, उनकी बिजली काटी जाये और उनको बिजली रात को दी जाये। यह नहीं होना चाहिए कि

कारखानेदारों को तो बिजली दिन के वक्त दी जाये और किसान को रात के वक्त बिजली दी जाये। मैंने पिछली सरकार के अन्दर देखा है कि किसान को रात के वक्त बिजली दी जाती थी। पिछली सरकार के साथ किसान का वास्ता रहा है और हमें पता है कि उसने किस बेरहमी के साथ, उस किसान के साथ जो अपने खून पसीने की कमाई से अनाज उगाता है, बर्ताव किया है। एक दूसरी बात यह है कि जब हम किसानों को राहत पहुंचाने के लिए सोचते हैं तो मुझे एक बात और याद आती है जो कि सबसे बड़ी बात है। आपने देखा है कि 30 साल हो गये हमें यह देखते हुए कि सरकार ने छोटी–छोटी चीजों के बीमे का प्रबन्ध किया है। कारखानेदारों की छोटी से छोटी चीज के बीमे का प्रबन्ध किया गया है। उनके गोडाउन्ज का, उनके काम आने वाली म ीनों का और दूसरी सब चीजों का बीमा करने का प्रबन्ध किया गया है जो उन्हें चाहिए जैसे फैक्टरी की बिल्डिंग वगैरा के बीमें का भी प्रबन्ध किया गया है लेकिन आज तक भी किसान की फसल का बीमा करने का कोई प्रबन्ध नहीं किया गया। यहां तक कि कारखानेदारों के साइकिलों, स्कूटरों और कारों तक के बीमें का प्रबन्ध किया गया, मेरा कहने का मतलब यह है कि कारखानेदार, सरमायेदार या उद्योगपति जो भाहर में रहते हैं, उनके एक–एक पुर्जे का बीमा करने का प्रबन्ध किया गया। लेकिन जो बेचारा किसान जूझता हुआ, धरती के सीने को चीरते हुए अनाज पैदा करता है, उसके लिए आज तक ीाी कोई बीमें का प्रबन्ध नहीं किया। मैं सरकार से यह प्रार्थना करूंगा कि जहां वह किसान के लिए उर्वरक का प्रबन्ध

हो जाना चाहिए क्योंकि आपको पता है उसकी फसल कभी ओले पड़ने से, तो कभी बाढ़ आने से और कभी सूखा पड़ने से नश्ट हो जाती है। इन प्रकृति प्रकोपों से उसे राहत दिलाने के लिए बीमा का प्रबन्ध किया जाना चाहिए। इसके अलावा जब उसके प ाुओं को कोई भयानक बीमारी लग जाती है तो उसका बहुत नुकसान हो जाता है। यदि किसान के प ाुओं और फसल का बीमा करने का प्रबन्ध कर दिया जायेगा तो मैं सरकार का बहुत भाुक्रगुजार रहूंगा। मुझे पूरी उम्मदी है कि सरकार इस ओर पूरी तरह से गौर करेगी क्योंकि हम पूर्ण रूप से ईमानदार हैं और हम दे ा को ऊंचार उठाना चाहते हैं। अब मैं मांग संख्या 12 जोकि श्रम और रोजगार के सम्बन्ध में हैं, के बारे में कुछ सरकार से अर्ज करना चाहता हूं। सरकार ने यह फैसला किया है कि 10 रूपये, जो हमारे औद्योगिक संस्थाओं में बच्चों को सिखाते हैं उनके रा–मैटीरियल यानी कच्चा माल की सुविधा देने के लिए दिये जाते थे, यह बढ़ाकर 25 रूपये किये गये हैं। यह बिल्कुल वाजिब मांग है। मैं इसका समर्थन करता हूं। भाायद यह 25 रूपये भी कम हों क्योंकि 10 रूपये तो उस वक्त नीयत किये गये थे जब आज से काफी जमाना सस्ता था। इसके साथ ही मैं सरकार से यह निवेदन भी करना चाहता हूं कि जो कच्चा माल विद्यार्थियों को, नौजवानों को औद्योगिक संस्थानों में दिया जाता है, उसका पक्का माल बनाकर बाजार में बेचा जाना चाहिये यह नहीं होना चाहिए कि कच्चा माल वेस्ट हो जाये। वहां पर जो भी काम सिखाया जाये, चाहे बढ़ई का हो, चाहे लौहार का या किसी और भी किस्म का

काम हो, वहां पर जो भी काम हो, उससे बने माल को बाजार में बेचने का प्रबन्ध होना चाहिए ताकि वह सामान बाजार में बेचा जा सके और इससे जो लाभ हो इससे हम उन बच्चों के लिये और कच्चा माल लेकर दे सकते हैं। हम 25 रूपये प्रति विद्यार्थी देना चाहते हैं। लेकिन अगर जिस तरह से मैंने कच्चा माल को तैयार करके बेचने का सुझाव दिया है उस तरह से किया जाये तो उन विद्यार्थियों को 50 रूपये का कच्चा माल मिल सकता है। मैं समझता हूं कि यह जो किया जा रहा है यह नि चत रूप से विद्यार्थियों के फायदे में होगा। कच्चे माल पर जो खर्च आयेगा, वह पक्के माल के बेचने का प्रबन्ध करे पूरा किया जा सकता है। हमने जो विद्यार्थियों को सुविधा दी है, इस बात की निगरानी रखें कि जो तैयार माल है, वह बाजार में जाकर बिके और मै। तो यहां तक कहूंगा कि हमारी सरकार को डिपार्टमैंट्स को यह हिदायत देनी चाहिए कि वह इन संस्थानों से ही अपना माल खरीदें। इन भाब्दों के साथ मैं इन डिमान्डज का समर्थन करता हूं।

श्री जय नारायण वर्मा (कलानौर अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा हल्का कलानौर एक सबसे पिछड़ा हुआ हल्का है। पिछली सरकार ने भी वहां पर माईनर के बारे में एक सर्वे किया था जोकि 5–4 गांव को कवर करता था। वहां पर 5–6 हजार एकड़ भूमि, इतनी उपजाऊ भूमि बेकार पड़ी है जिसकी मैं बड़ाई नहीं कर सकता। वह जमीन भूमि इतनी उपजाऊ भूमि बेकार पड़ी है कि जिसकी मैं बडाई नहीं कर सकता। वह जमीन पानी के

बिना बेकार पड़ी है। वहां पर हर साल जमींदार की ऐसी हालत हो जाती है कि वह अपना पेट भी नहीं भर सकता। तो मेरी आपसे यही प्रार्थना है कि उन गरीब किसानों के लिए पानी का प्रबन्ध जल्द से जल्द किया जाये। पिछली सरकार ने वहां पर पक्की नालियां बनायी थीं, वह तो अभी तैयार भी पूरी तरह से नहीं हुई, वह टूटने लग गयी हैं और उस वजह से जमींदार के ऊपर जो लगान लगा रखा है वह बहुत ही ज्यादा है। इस विशय में मैं सरकार से यह प्रार्थना करूंगा कि सोच–विचार करके कोई जल्दी से जल्दी फैसला करने की कोि ा ा की जाये।

जय हिन्द।

श्री फतेह चन्द विज (पानीपत): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं डिमान्ड नं. 12 लेबर एएड ऐम्पलायमैंट के बारे में अपने मंत्री महादेय से यह प्रार्थना करूंगा कि जैसे कि उन्हें पता ही है कि पानीपत एक इंडस्ट्रियल टाउन है और वहां पर 25000 के करीब हैंडलूम्ज लगे हुए हैं। यह एक कौटेज इंडस्ट्री है। वहां पर हर घर मे हैंडलूम की इंडस्ट्री लगी हुई है। वहां पर जो करीगर काम करते हैं, हैंडलूम के कारीगरों को उनकी मेहनत के अनुसार मेहनताना मिलता है। यानी एक कारीगर यदि एक खड्डी वाले के पास काम करता है तो भाामके वक्त तक जितना कपड़ा वह तैयार करके दे देता है, उसको उसी हिसाब से पैसे दे दिये जाते हैं। अगर एक खड्डी वाले के पास काम खत्म हो जाये तो वह कारीगर दूसरी खड्डी वाले के पास जाकर काम करता है।

खड्डियों के कारीगर सारे किस्म के कपड़े तैयार नहीं कर सकते। कोई किसी चीज का माहिर होता है ओर कोई किसी चीज का माहिर होता है। एक आदमी के पास एक किस्म का आर्डर नहीं आता है। लेबर महकमें के आपके कर्मचारी वहां जाकर मालिकान को तंग करते हैं और उनसे कहा जाता है कि जहां दस से ज्यादा कारीगर हैं वहां लेबर की हाजिरी लगाई जाए, उनके प्रोविडेन्ट फंड का इन्तजाम किया जाए। वे अपने आपको रजिस्टर कराएं। मैं सरकार के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि खड्डियों के कारीगर कभी दो या तीन दिन के लिए और कभी चार या पांच दिन के लिए आते हैं। यह कैसे हो सकता हैं कि उनको पक्के तौर पर एम्पलाए किया जाए। जैसा जनता सरकार ने कहा है कि हम करप्शन को दूर करेंगे लेकिन आपके कर्मचारी उन कारखानेदारों के पास जाते हैं जहां दस आदमी से ज्यादा बैठे होंगे और आपके वे कर्मचारी तब तक वापिस नहीं आएंगे जब तक कि कारखानेदार आपके बैठे होंगे और आपके वे कर्मचारी तब तक वापिस नहीं आएंगे जब तक कि कारखानेदार आपके कर्मचारियों की सेवा नहीं करेगा। हैंडलूम की इंडस्ट्री में कभी भी साल भर काम नहीं चलता रहता। दस दिन या पांच दिन का काम होता है। अगर सरकार ने कोई आदेश निकाले हैं तो मेरी प्रार्थना है कि वह उन आदेशों को वापिस ले और स हैंडलूम इंडस्टरी के काम में बाधा न डालें।

उद्योग मंत्री (डाक्टर मंगल सैन): डिप्टी स्पीकर साहब, आज सदन में सप्लीमैन्टरी और उसकी डिमान्डज पर पिछले कुछ घन्टों से विचार चल रहा है। माननीय सदस्यों ने अपने बोर्ड के बारे में कहा है कि जो एक लाख रूपया इनको दिया जा रहा है वह नहीं मिलना चाहिए। सरकार को धार्मिक कामों में एक पैसा भी नहीं देना चाहिए। भाायद आनरेबल सदस्य आर्गुमैंट करते हुए यह भूल गए कि यह एक सैकुलर स्टेट हैं। मैं नम्रतापूर्वक उसका ध्यान दिलाऊं कि कुरूक्षेत्र केवल भारत के लिए ही नहीं बल्कि संसार के लिए भी बड़ा पवित्र और आदरणीय स्थान है जहां पर भगवान कृश्ण ने अर्जुन को उपदे ा दिया था। डिप्टी स्पीकर साहब, 1968 में कुरूक्षेत्र के विकास के लिए, उसके ठीक रख रखाव के लिए और उसको ठीक प्रकार से रखा जाए, इस काम के लिए एक बोर्ड बना था और वह बोर्ड सदा सरकार से पैसा लेता रहा। अब हमने यह प्रावधान किया है कि वह चन्दा इकट्ठा कर सके उसके लिए बोर्ड ने एनडाउमेन्ट फंड क्रिएट किया है और सरकार की ओर से यह एक लाख रूपया अनुदान के रूप में दिया जा रहा है। जो और चीजों से उनाके लाभ होगा उसके अलावा एक लाख रूपया ओर दिया गया है। भगवान को स्मरण करने के भिन्न–भिन्न तरीके हैं। गुरूद्वारे हैं, मस्जिद हैं, मन्दिर हैं, चर्च हैं और हम सब को पैसा दे देंगे ऐसा माननीय सदस्य का विचार था। मैं आदरणीय सदस्यों को आ वासन देना चाहता हूं कि हमारे सदन की जो भावना है उसके विपरीत हम कोई भी बात नहीं करेंगे। (इस समय सभापतियसों की सूची में से एक सदस्य चौधरी

खुर ाीद अहमद पदासीन हुए) केवल मात्र ऐतिहासिक और एक पवित्र स्थान के विकास के लिए यह रूपया अनुदान के रूप में दिया गया है। यहां पर ग्रहण्सा के समय लाखों तीर्थ यात्री यहां से तथा बाहर से आत रहे हैं। अगर वहां पर गन्दगी होगी, किसी चीज का ठीक से इन्तजाम नहीं होगा, तालाब गन्दे होंगे तो देखने से मन में श्रद्धा नहीं होगी, चेयरमैन साहब, किस के ऊपर यह रिफलेक ान होगा ? यह रिफलेक ान प्रदे ा की जनता के ऊपर, प्रदे ा की सरकार के ऊपर होगा। सरकार का यह बिलकुल उचित कदम है और माननीय सदस्य को इसको ऐप्रीि ाएट करना चाहिए।

सभापति महोदय, इसी सप्लीमेन्टरी ऐस्टीमेट में एक बात लेबर एंड एम्पलायमैंट के हैड के नीचे आ गई। वह वास्तव में इंडस्ट्रियल ट्रैनिंग की बात थी उसमें हमने 19 लाख, 2 हजार, 725 रूपया मांगा है। मैं कई मित्रों को सुनकर बड़ा प्रसन्न हुआ कि सप्लीमेन्टर बजट पर अपने विचार कैसे रखने चाहिए लेकिन मेरे कुछ मित्र नए हैं। उन्होंने देखा कि लेबर लिखा हुआ है तो उस पर ही बोलना भाुरू कर दिया। होना यह चाहिए कि सप्लीमेन्टर ऐस्टीमेट्स के जिस आइटम के लिए सरकार ने पैसा मांगा है उसी आइटम पर आनरेबल मैम्बर कमेन्ट करे और उससे बाहर न जाएं। मुझे उम्मीद है कि भविश्य में इस बात का ध्यान रखा जाएगा।

श्री भाम ेर सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, चेयरमैन साहब। आपके द्वारा मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या विधायकों की ट्रैनिंग के लिए असैम्बली के सिवाए और कोर्ठ इंस्टीच्यू ान है जहां ट्रैनिंग मिल सके। सरकार तीन चार दिन का सै ान चलाएगी तो मैम्बर कैसे कोई चीज सीख सकते हैं ?

डाक्टर मंगल सैनः चेयरमैन साहब, अच्छा हुआ कि मछली खुद ही जाल में फंस गई। चौधरी भाम ेर सिंह मेरे एक अच्छे मित्र है। जिस पार्टी से वे ताल्लुक रखते हैं वह पार्टी जब इन–पावर थी तो सै ान सुबह से भुरू होता था और राम के दो बजे तक चलता था। जमहूरियत का जनाजा आपके दोस्तों ने निकाला लेकिन हम ऐसा नहीं करेंगे। आपको बोलने की पूरी छूट है लेकिन आप तीन मिनट से ज्यादा नही ंबोले। आप तैयार होकर नहीं आते। अपोजी ान के मेरे दोस्तों को फ्री स्टाइल से नहीं बोलने दिया जाएगा। असैम्बली ट्रैनिंग की जगह जरूर है लेकिन जो परम्पर कांग्रेस ने डाली थी वह परम्परा हम नहीं डालेंगे। अब रीयल डेमोक्रेसी है। यह डेमोक्रेसी प्रैक्टिस में है .....

चौधरी वीरेन्द्र सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, चेयरमैन साहब, मैं पूछना चाहता हूं कि मिनिस्टर साहब, इन डिमान्ड्ज की रिप्लाई दे रहे हैं या इन्टरवीन कर रहे हैं ?

श्री सभापतिः कुछ बातें जो आप कहते हैं उनका जवाब दे रहे हैं।

डाक्टर मंगल सैन: चेयरमैन साहब, मैं कहना चाहता हूं कि स्वाधीनता से पहले जो बच्चे, जो विद्यार्थी मां–बाप के कंट्रोल में नहीं होते थे उनको इंडस्ट्रियल ट्रैनिंग इंस्टीच्यू ान में भेज दिया जाता था। मां–बाप यह सोचते थे कि वहां जाकर हथौड़े चलाएगा, दूसरे मेहनत का काम करेगा तो ठीक हो जाएगा लेकिन अब दृश्टिकोण बदल गया है। विकसित राश्ट्र में यह बहुत आव यक है कि जहां इंडस्ट्रियल विकास हो रहा है उसके साथ–साथ औद्योगिक विकास प्र ाक्षण दिया जाए। पिछली सरकार ने घिसे पिटे ट्रेड रखे हुए थे लेकिन जब से जनता पार्टी की सरकार आई है हमने दृश्टिकोण बदल दिया है और हमने यह प्रयास किया है और आगे भी प्रयास करते रहेंगे कि इस समय हरियाणा में और हरियाणा के निकटवर्ती राज्यों में जिन ट्रेडज के कारखाने लग रहे हैं, उद्योग लग रहे हैं, हरियाणा के नवयुवकों को, हरियाणा के विद्यार्थियों को भी उन ट्रेडज का प्र ाक्षण दिया जाए। चाहे आधुनिकतम म ीनें हमे क्यों न मंगानी पड़ें, इसके ऊपर चाहे कितना रूपया क्यों न खर्च करना पड़े, हम समझते हैं कि हरियाणा के नवयुवक की बेकारी को दूर करने के लिए, पढ़े लिखे बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए और मार्किट में सकिल्ड और अनसकिल्ड लोगों की बेकारी को दूर करने के लिए यह एक माध्यम है जिसे हम जरूर पूरा करेंगे जिसके लिए हम वचनबद्ध हैं। हम जब यह बात कह चुके हैं कि हम प्रदे ा से बेकारी दूर करेंगे तो इस दि ाा मैं यह हमारा पहला कदम है कि औद्योगिक प्र ाक्षण केन्द्रों के अन्दर उनके विकास के लिए नयी नयी

म ाीनें लाकर नये–नये ट्रेड इंट्रोड्यूस करके जिनकी आज मार्किट में आव यकता है, उनको लाए। मुझे इस बात की बड़ी प्रसन्नता है कि हमारे मित्रों नेइस बात को भली प्रकार से समझकर ऐप्री ाीएट किया है। हमारे प्र ि ाक्षण केन्द्रों में प्र ि ाक्षण प्राप्त करने वालों को पहले कच्चे माल के लिए 10 रूपये देने का प्रतिमास के हिसाब से उपबन्ध था जिसे कि अब 25 रूपये प्रति मास किया जा रहा है। यह हमने इसलिए किया है कि यह जो कच्चा माल है यह जब रिफाइन होकर मार्किट में आयेगा तो उससे आमदनी होती है और यह काम क्रम ाः चलता रहेगा। अच्छे सुझाव जो हैं चाहें वे ट्रेजरी बैंचिज की तरफसे आएं या अपोजी ान की तरफ से आएं हम उनका हमे ाा आदर करेंगे, यह जनता की सरकार है। हम अच्छे भले काम में सब का सहयोग लेने के लिए तैयार हैं। (विघ्न) चेयरमैन साहब, इसके इलावा मरे आदरणीय दोस्त ठाकुर वीर सिंह जी ने एक नयी दि ाा देने वाली बात कही है कि इन आई.टी.आईज. के साथ साथ वर्क ाापस भी बनायी जाएं जिनके द्वारा उत्पादन करके मार्किट में माल बेचा जाए। यह बड़ा अच्छा सुझाव है और इसकी फिजीविलिटी के बारे में विचार किया जाएगा। मैं आपके माध्यम से सारे सदन को आ वासन देना चाहता हूं कि पहली सरकार की गल्त आर्थिक नीतियों के कारण यह जो बेरोजगारी, बेकारी और भुखमरी बढ़ी जोकि सारी बीमारियों की जननी है, हम इसको समाप्त करके इस प्रदे ा को खु ाहाल बनाने की कोि ा ा करेंगे और साथ ही साथ संसार में साईस और टैक्नोलोजी का जो विकास हो रहा है

उसके अनुसार हरियाणा का विकास करेंगे और यहां की आई.टी. आईजकृको अप टू दा मार्क बनाने की कोि ा ा करैंगे जोकि समय के अनुसार हो। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

श्री सभापतिः अब फायनैन्स मिनिस्टर साहब बोलेंगे।

वित मंत्री (चौधरी सतबीर सिंह मलिक): चेयरमैन साहब ..... (इस समय श्री भांकर लाल तथा दो तीन और सदस्य बोलने के लिए खड़े हुए।)

श्री सभापतिः अब तो वजीर खजाना बहस का जवाब देंगे। उनके बाद गिलोटिन ऐप्लाई होगा। अब समय नहीं है।

कामरेड भांकर लालः चेयरमैन साहब, स्पीकर साहब ने मुझे टाईम दैने के लिए कहा था मैं एक दो बाते अपनी कहना चाहता हूं।

श्री सभापतिः आपको बोलने के लिए अभी बहुत टाईम लगेगा। आप और मौके पर बोल लेना अब फायनेन्स मिनिस्टर साहब अपना जवाब देंगे।

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः चेयरमैन साहब, अनुपूरक अनुमान 1977–78 के द्वारा सरकार ने कुल रा ि ा 3 करोड़ 27 लाख रूपये की मांगी है जिसके अन्दर मांग संख्या 11, 12 और 17 वोटिड है। मांग संख्या 11, 12 के मुताल्लिक मेरे साथी डाक्टर

मंगल सैन जी ने सरकार की नीति साफ कर दी ै और जहां तक मांग नम्बर 17 का सम्बन्ध है उसके बारे में मैं अर्ज करना चाहता हूं। जैसे कि हमारे कुछ साथियों ने भी कहा था कि हरियाणा एक कृशि प्रधान प्रदे ा है और इसकी 80 परसैन्ट जनता देहात में रहती है जोकि खेती पर निर्भर करती है। जनता पार्टी के घोशणापत्र में भी यह बात थी कि हम कृशि को प्राथमिकता देंगे और इसी चीज को मद्देन्जर रखते हुए हमारी सरकार ने यह फैसला किया कि फर्टीलाइजर के ऊपर सबसिडी दी जाएगी और इसी कारण से 1 करोड़ 27 लाख रूपये की यह मांग सदन के सामने रखी गई है। राव साहब ने अपनी स्पीच करते वक्त यह खद ा जाहिर किया कि कहीं यह रूपया, जोकि सबसिडी के लिए मांगा जा रहा है, मिस यूज न हो। मैं उनको तथा इस सदन को आपके द्वारा यह बताना चाहता हूं कि जब तक खजाने की चाबी मेरे हाथ में है तब तक किसान के बेटे के हाथ में चाबी हो तो वह कभी भी उस पैसे को मिस यूज नहीं होने देगा। यह जो खाद हम किसानों को सबसीडाइजड रेट्स पर देंगे यह सारी चीज सोच समझ कर करेंगें और बी.डी.ओज. वगैरह की मारफत देंगे ताकि किसी किस्म का घपला न हो सके।

चेयरमैन साहब, राव साहब ने अपनी स्पीच में आगे मद नम्बर 18 के बारे में कहा लेकिन मैं उनको यह बताना चाहता हूं कि यह जो पैसा मांगा जा रहा ह यह तो पुरानी सरकार का बाकी का रूपया था। अब हमारे पास ए.जी. की रिपोर्ट आई कि सरकार

ने इतना पया पे करना है। इनमें जैसे कोर्ट की डिग्रियां हैं उनके बारे में बजट के समय कोई सूचना नहीं मिली थी अब उनकी सूचना मिली है तो यह रकम हमें अदा करनी पड़ेगी इसलिए यह मांग रखनी पड़ी। इसके बाद मेरे भाई श्री गंगाराम जी ने कहा कि जहां खाद के ऊपर सबसिडी दी जाती है वहां किसानों को ट्रैक्टर और बीज के लिए भी सबसिडी दी जानी चाहिए। उनका यह सुझाव अच्छा है लेकिन जैसे मैंने कल भी स्पश्ट किया था कि हमारी वितीय स्थिति अच्छी नहीं है क्योंकि इसको पुरानी सरकार बिगाड़ गई थी। इसलिये ट्रैक्टरों और बीज के लिए हम सबसिडी नहीं दे सकते। हां, जहां पर फ्लड्ज की वहज से बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है वहां पर अगर हमारी वितीय स्थिति अच्छी रही तो बीज पर सबसिडी देने का विचार करेंगे। इसके साथ साथ मैं यह भी बताना चाहता हूं कि जब सरकार की वितीय स्थिति अच्छी हो जायेगी तो ट्रैक्टरों पर भी सबसिडी देने के लिए सोच सकते है। इसके बाद भाई पोहलू जी ने कहा कि एक तरफ तो सरकार रूपये की डिमांड करती हैं और दूसरी तरफ सरकार के मंत्री इतनी बड़ी–बड़ी कोठियों मे रह रहे हैं जिनका कि किराया बहुत देना पड़ता है। मैं उनको बताना चाहता हूं कि बड़ी बड़ी कोठियों में तो कांग्रेसी मिनिस्टरों को रहने का स्वाद था हम तो छोटी कोठियों में गुजारा करने वालों में से है। जैसे मैं अपना ही बता देता हूं कि मैं फायनेन्स मिनिस्टर होने के नाते भी सात सैक्टर में डिप्टी मिनिस्टर वाली कोठी में रह रहा हूं, इसलिए ह खुद भी अपने पैसे का कम खर्चा करते हैं। इसके बाद यह ऐलीगे ान

आया कि मिनिस्टर साहेबान टूर बहुत ज्यादा करते है। इस सम्बन्ध में हमारे मुख्य मंत्री महोदय का आदे ा ै कि कोई भी मंत्री महीने में 10 दिन से ज्यादा टूर पर नहीं रहेगा।

चेयरमैन साहब, इसके बाद स्वामी अग्निवे ा जी तथा सरदार सुखदेव सिंह जी ने सुझाव दिया कि हमें फर्टीलाईजर की बजाये गोबर की खाद का इस्तेमाल करना चाहिए, यह उनका सुझाव बहुत अच्छा है। हम कोि ा ा कर रहे हैं कि ज्यादा से ज्यादा गांव में गोबर गैस प्लांट लगाए जाएं और उनके लिए हम सबसिडी भी देते हैं। क्योंकि राज्य एक कृशि प्रधान राज्य है इसलिए हम हर सम्भव कोि ा ा करते हैं कि किसानों को ज्यादा से ज्यादा सहुलियात दी जाएं ताकि वह ज्यादा उत्पादन करें और हमारा हरियाणा खु ाहाल हो। इन भाब्दों के साथ मैं निवेदन करता हूं कि इन मांगों को पास किया जाए।

Mr. Chairman: Now I will put the various demands to the vote of the House.

Question is:-

That a supplementary sum not exceding Rs. 100000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for te year ending 31st March, 1978, in respect of Demand No. 11 – Urban Development.

That a supplementary sum not exceding Rs. 1902725 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for te year ending 31st

March, 1978, in respect of Demand No. 12 – Labour and Employment.

The motion was carried.

Mr. Chairman: Question is:-

That a supplementary sum not exceding Rs. 12700000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for te year ending 31st March, 1978, in respect of Demand No. 17 – Agriculture.

The motion was carried.

Mr. Chairman: The house stands adjourned till 9.30 a.m. tomorrow.

12.32 बजे

(The Sabha then adjourned till 9.30 a.m. on Wednesday, the 19th October, 1977.)